रविवार
04 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



आरा जेल से 35 मोबाइल बरामद जेलर और कक्षपाल सहित तीन कर्मी सस्पेंड 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

**शिकंजे में घूसखोर:** निगरानी के हत्थे चढ़ा भवन निर्माण विभाग सेंट्रल डिवीजन का कार्यपालक अभियंता

# इंजीनियर के घर बोरे में ठूंस-ठूंस कर भरे मिले 2000 व 500 के नोट के बंडल

पटना में दो लाख रुपए घूस लेते निगरानी टीम ने किया गिरफ्तार | पटना के फ्लैट और बक्सर स्थित मकान में निगरानी ने की छापेमारी | पटना के फ्लैट से 1 करोड़ रुपए से भी अधिक का कैश बरामद | 27 लाख रुपए से अधिक के कीमत की ज्वेलरी बरामद

**केटी न्यूज/बक्सर**

निगरानी विभाग के हत्थे चढ़ा भवन निर्माण विभाग सेंट्रल डिवीजन का कार्यपालक अभियंता संजीत कुमार करोड़ों रुपए का आसामी निकला। एक ठेकेदार की शिकायत पर निगरानी विभाग की टीम ने इस भ्रष्ट सरकारी सेवक को पटना में दो लाख रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इसके बाद पटना में गर्दनीबाग के हरेंद्र विला अपार्टमेंट स्थित फ्लैट और बक्सर स्थित पुश्तैनी घर को खंगालना शुरू किया। दोनों ही जगहों पर निगरानी की अलग-अलग टीम पहुंची थी। निगरानी की टीम ने बड़े ही गोपनीय तरीके से उसके आवास पर छापेमारी की। इस दौरान स्थानीय पुलिस को भी इसकी भनक तक नहीं लगी। छापेमारी के दौरान घर में दो बोरे में ठूंस-ठूंस कर भर कर रखे गए 500 और 2000 के नोटों के अलावे 2.5 करोड़ रूपए की अचल संपति, 30 लाख के आभूषण समेत कई अन्य बेनामी संपति के साक्ष्य मिले है। विजलेंस इंवेस्टिगेशन ब्यूरो पटना के डीएसपी पवन ने बताया कि 12 लोगों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इंजीनियर के बेसमेंट में ऑफिस में 2 लाख रिश्वत लेते हुए रंगहठों गिरफ्तार किया गया। वहीं बेसमेंट के फ्लैट और सेकेंड फ्लोर के फ्लैट में तलाशी के दौरान लगभग 1 करोड़ की नगदी और 27 लाख 85 हजार के ज्वेलरी बरामद हुए। छापेमारी में कई कागजात, बैंक अकाउंट सहित कई संपत्ति का पता चला है। एक कमरे को अभी खोला नहीं गया है। इसे भी निगरानी की टीम खोलेगी। विजिलेंस टीम ने संजीत कुमार के ठिकानों पर पूरी रात छापेमारी की है।



## बिल के भुगतान के एवज में इंजीनियर ने मांगी थी घूस

संजीत ने ठेकेदार आनंद कुमार से रिश्वत मांगी थी। दानापुर के शगुना मोड़ इलाके के रहने वाले हैं और ग्लोबल एजेंसी के संचालक हैं। इनकी कंपनी ने भवन निर्माण विभाग के लिए काम किया था। इसके एवज में 16 लाख 8 हजार 880 रुपए का बिल बना था। आरोप है कि इस बिल के भुगतान के एवज में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने रिश्वत की डिमांड कर दी थी। इसके लिए वो प्रेशर बना रहा था। तब आनंद कुमार ने 1 दिसंबर को निगरानी मुख्यालय में शिकायत की। शिकायत के बाद विजिलेंस ने सत्यापन कराया तो इंजीनियर द्वारा रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण पाया गया। इसके बाद विजिलेंस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने संजीत को उनके आवास पर ही 2 लाख रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद विजिलेंस ने उनके फ्लैट की तलाशी शुरू की तो आलमारी-दीवान से नोटों की गड्डियां निकलने लगीं।



## छापेमारी के बाद आलीशान मकान में पसरा था सन्नाटा

निगरानी विभाग की छापेमारी के बाद बक्सर स्थित घूसखोर इंजीनियर के आलीशान मकान में सन्नाटा पसरा था। मुहल्ले में किसी से कोई खास रिश्ता नही रखने वाले परिवार के घर छापेमारी से लोग हतप्रभ हैं। आम चर्चा है कि चरित्रवन इलाके में सबसे खूबसूरत दिखने वाला मकान मालिक काला धन का मालिक है। घूसखोर इंजीनियर के आवास में उनके पिता कपिलदेव प्रसाद ने बताया कि देर रात करीब दो बजे एक टीम आई थी। उनके पुत्र के कमरे की चाभी उनके पास नहीं होने पर पूरे घर की तलाशी के बाद, टीम ने उस कमरे का ताला तोड़ कर जांच की। एक सीजर बना कर उस पर उनका हस्ताक्षर ले कर गई है। सरकार के निर्देश पर निगरानी ब्यूरो द्वारा लगातार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। इसके बावजूद अधिकारीयों की घूसखोरी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## गुस्सा : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले के सामने लगे पुलिस मुदार्बाद के नारे

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को बिहार सरकार के महाधिवक्ता ललित कुमार के दादा स्व रामनंदन प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण करने एकंगरसराय प्रखंड के कोशियावां गांव पहुंचे थे। इस दौरान अक्टूबर माह में हुए युवक की हत्या के आरोपी को पुलिस द्वारा हत्या के गिरफ्तारी नहीं किए जाने से नाराज अरियांवा के दर्जनों ग्रामीणों ने हाथों में बैनर तख्ती लेकर पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाए। हंगामा कर रहे लोगों का आरोप है कि पिछले 19 अक्टूबर को प्रेम प्रसंग में युवक निर्मल कुमार भारती की हत्या कर उसके शव को पेड़ में लटका दिया गया था। हत्या का मामला दर्ज होने के बाद भी एकंगरसराय थाना की पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसी से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने जमकर हंगामा किया और मुदार्बाद के नारे लगाए। हालांकि ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले को पटना के लिए रवाना किया।

## मधुबनी में सीएससी संचालक से चार लाख रुपए की लूट

- हथियार से लैस नकाबपोश अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**केटी न्यूज/जयनगर**

मधुबनी जिला के जयनगर थाना क्षेत्र के पचहर सुन्दर नगर के समीप शुक्रवार की रात सीएससी संचालक संतोष कुमार सिंह रात को अपना दुकान बंद कर घर की ओर जा रहे थे उसी क्रम गांव के बीच चौड़ मे स्थित पुलिया के समीप चार की संख्या में नकाबपोश अपराधी हथियार से लैस सीएससी संचालक रोककर अपराधियो ने सीएससी संचालक के साथ हाथापाई जिसमें एक अपराधी ने पिस्तौल के बट से हमला कर संचालक को घायल कर दिया। उसी दौरान सीएससी संचालक के पास रखे चार लाख रुपए,मोबाइल व मोटरसाइकिल समेत अन्य सामान चार की संख्या में आए अपराधी में से एक अपराधी ने संतोष कुमार के पास से रखे सभी लूटकर घटनास्थल से हुआ फरार।

जिसके बाद इस घटना की जानकारी आसपास के लोगो को लगी,धीरे धीरे घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। वही इस घटना की सूचना स्थानीय लोगो के द्वारा जयनगर थाना को दिया गया, सूचना पाते ही पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुटी गई। वही पुलिस मौके पर पहुंच कर अपराधी के धङ पकङ के लिए छापेमारी कर रही है। घटना को लेकर सीएससी संचालक थाना क्षेत्र के हनुमान नगर गांव निवासी संतोष कुमार सिंह पिता त्रिवेणी सिंह ने थाने में प्राथमिकी हेतु आवेदन दिया है। वही घायल सीएससी संचालक को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भेजा गया।

प्राप्त सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के हनुमान नगर गांव निवासी संतोष कुमार सिंह सेलरा पंचायत के पचहर गांव स्थित धनहिन्द प्राइवेट लिमिटेड नामक नन बैंकिंग का बीसी प्वाइंट चलाता है।२२२२२

## वैशाली में व्यवसायी की पत्नी को बांधकर सोने के गहने की लूट

**वैशाली।** हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के सिद्धिविनायक कॉलोनी स्थित मोहल्ले में अपराधियों ने दिनदहाड़े दोना-पत्तल व्यवसाई की पत्नी को पिस्टल के बल पर हाथ-पैर बांधकर की 3 लाख के सोने के आभूषण समेत 10 हजार रुपए नगद लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में सदर थाना क्षेत्र के सिद्धिविनायक कॉलोनी निवासी ज्योति कुमार की पत्नी प्रियंका कुमारी ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र स्थित डाकबंगला रोड में उनके पति की दोना-पत्तल की दुकान है और घर पर भी कुछ स्ट्रॉक रहता है। रोज की तरह ज्योति कुमार डाकबंगला रोड स्थित अपनी दुकान के लिए निकल गए थे। घर वह प्रियंका कुमारी अकेली थी। लगभग 02 बजे के आसपास दो युवक ग्राहक बनकर पहुंचे और पत्ता खरीने की बात करते हुए घर के अंदर घुस गए। जब तक प्रियंका कुमारी कुछ समझ पाती एक ने प्रियंका के सिर पर पिस्टल तान दिया और दूसरे ने उसके हाथ पैर बांध दिया और लगभग 03 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और दस हजार रुपये नगद लूट कर फरार हो गये।

## राजगीर के अंचलाधिकारी को किया गया निलंबित




**नालंदा।** नालंदा जिले के राजगीर अंचल में कार्यरत अंचलाधिकारी संतोष कुमार चौधरी को गलत तरीके से सरकारी भूमि की दाखिल खारिज करने की स्वीकृति देने के आरोप में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रेल विभाग राजगीर की भूमि का दाखिल खारिज की स्वीकृति, जिला परिषद राजगीर की भूमि का दाखिल खारिज करने की स्वीकृति का अंचलाधिकारी संतोष कुमार पर लगा था। इसी मामले में उन पर कार्रवाई की गई है।

## बनारस में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की पूजा



केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण बनारस पहुंचीं। वित्त मंत्री ने शनिवार को श्री विशालाक्षी मंदिर, श्री कुमारस्वामी मठ, काशी नाटकोट्म क्षत्रम, श्री चक्रलिंगेश्वर मठ और शिव मठ का भ्रमण किया। इसके साथ ही वह हनुमान घाट और दशाश्वमेध घाट सहित शहर के कुछ महत्वपूर्ण घाटों का भी भ्रमण किया और गंगा नदी में नौकायन किया। इसके साथ ही उन्होंने मंदिरों में पूजा अर्चना की।

## हथियारबंद बदमाशों ने किया 'नीतीश कुमार' का अपहरण

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय से नीतीश कुमार का अपहरण कर लिया गया है। एक स्कॉर्पियो में सवार हथियार बंद बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। दरअसल ये नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बल्कि बेगूसराय का रहनेवाला एक युवक है। जानकारी के अनुसार बेगूसराय के जी डी कॉलेज में अपनी पत्नी को बीए पार्ट वन की प्रैक्टिकल परीक्षा दिलवाने आए युवक स्कॉर्पियो सवार हथियार बंद बदमाशों ने किडनैप कर लिया। पत्नी ने पति के किडनैप होने की पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। किडनैप हुए युवक की पहचान डंडारी थाना क्षेत्र के बलहा गांव निवासी अरुण कुमार महतो के बेटे नीतीश कुमार के रूप में हुई है।

डिजिटल संस्करण
संपर्क सूत्र
9122915443
8340732065

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



वेब पोर्टल : keshavtimes.com
अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ाएं
यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर गाजिपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, जहानाबाद, अरवल पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम है आपके लिए 24 घंटे तत्पर
keshavtimes keshavtimes keshavtimes

**कुढ़नी में प्रचार:** फिल्म अभिनेता व सांसद रवि किशन ने सीएम नीतीश पर बोला हमला

# बिहार में फिर से लौट आया है जंगलराज: रवि किशन

- कहा- नीतीश कुमार ने अपने स्वार्थ की खातिर बिहार को फिर से 80-90 के दशक वाले दौर में पहुंचा दिया
- रवि किशन ने कुढ़नी में भाजपा के प्रत्याशी केदार गुप्ता की जीत का किया दावा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में कुढनी विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव के लिए प्रचार करने आए फिल्म अभिनेता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रवि किशन ने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार सियासी हमला बोलते हुए कहा कि नीतीश कुमार की गलती की सजा बिहार भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने स्वार्थ की खातिर बिहार को फिर से 80-90 के दशक वाले दौर में पहुंचा दिया। मुजफ्फरपुर जिले के कुढनी जाने के लिए पटना हवाई अड्डा पहुंचे रवि किशन ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वे बिहार की धरती के ऋणी हैं, जिसने मुझे यहां तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जब भाजपा के साथ थे और अब के बिहार को यहां के लोगों ने देख लिया है। नीतीश कुमार ने जो गलती की, उसे नीतीश कुमार भी जान गए हैं। उन्हीं की गलती की सजा आज बिहार भुगत रहा है।



### उद्योगपति अपने परिवार के साथ फिर से करने लगे हैं पलायन

भाजपा नेता ने कहा कि आज बिहार के उद्योगपति अपने परिवार के साथ फिर से पलायन करने लगे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने बिहार को फिर से 80 और 90 के दशक में पहुंचा दिये हैं, जब लोग छह -सात बजे के बाद घरों से नहीं निकलते थे। उन्होंने कहा कि बिहार में फिर से जंगलराज लौट आया है। रवि किशन ने कहा कि अपने स्वार्थ की खतिर नीतीश कुमार ने बिहार को 20 वर्ष पीछे धकेल दिया है। भाजपा नेता और भोजपुरी फिल्म के चर्चित अभिनेता ने कुढ़नी में भाजपा के प्रत्याशी केदार गुप्ता की जीत का दावा करते हुए कहा कि उनकी जीत सुनिश्चित है।

केशव टाइम्स

बक्सर, 04 दिसम्बर 2022

शाहाबाद

website : keshavtimes.com

e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## खबरें फटाफट

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई जयंती

**आरा।** सेल टैक्स विभाग के सभागार में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता ब्रह्मा शंकर पांडेय ने किया। जिसमें सेल टैक्स विभाग के पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, नसीम अहमद, सुजाता प्रसाद उपस्थित हुए। इस दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए मोहम्मद नसीम ने डॉ राजेंद्र बाबू के जीवन पर प्रकाश डाला। सभा का संचालन बार एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रमोद कुमार राय व धन्यवाद ज्ञापन अजीत रंजन कुमार ने किया। समारोह में शामिल प्रमुख अधिवक्ताओं में विश्वनाथ ओझा, संदीप कुमार, देवेंद्र प्रसाद, रवि शंकर सिंह, राजकुमार सिंह, कृष्णा सिंह, आनंद मोहन श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित थे।

### नोखा थाना के एसएचओ सस्पेंड

**सासाराम।** जिले के नोखा थाना के एसएचओ राजेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। रविवार सुबह पुलिस महकमे द्वारा दी गई गई जानकारी में बताया गया कि एसपी आशीष भारती द्वारा यह कार्रवाई की गई है। कार्य में लगातार लापरवाही की शिकायत के बाद एसपी द्वारा यह कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि लगभग 18 माह पूर्व राजेश कुमार नोखा के थानाध्यक्ष बनाए गए थे। एसपी ने बताया कि राम विलास प्रसाद को करगहर थाना क नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि गत 25 नवंबर को एसपी ने करगहर थाना के तत्कालीन एसएचओ नरोतम चंद्र को सस्पेंड कर दिया था। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद एसपी द्वारा यह कार्रवाई की गई थी।

### शौहर ने फोन पर दिया तलाक

**सासाराम।** जिले में एक शौहर ने तीसरी शादी के लिए दूसरी पत्नी को फोन पर तीन तलाक दे दिया। महिला ने बताया कि उसे जब पता चला कि वो पहले से शादीशुदा है तो उसने पति को फोन किया और इसके बारे में पूछा। उसने भड़ककर कहा कि तुम मेरे घर में क्या कर रही हो, निकल जाओ। जिसके बाद फोन पर तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर तीन तलाक दे दिया। पत्नी ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसका पति घर में दूसरी लड़कियों को लेकर आता था। जब उसने ससुर को इसकी शिकायत की तो उन्होंने कहा कि ये तुम्हारा और उसका मामला है। दोनों की शादी 8 साल पहले हुई थी।

# रहे सतर्क : फाइलेरिया देता है विकलांगता को जन्म, प्रभावित होता है रोगी का जीवन

- स्वच्छता का ध्यान एवं नियमित व्यायाम से फाइलेरिया मरीजों का विकलांगता से बचाव संभव



**केटी न्यूज/पटना**

विकलांगता किसी भी व्यक्ति के लिए अभिशाप साबित हो सकती है। इसके बारे में जनमानस को जागरूक करने हेतु हर वर्ष तीन दिसंबर को विकलांग व्यक्तियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। विश्व में विकलांगता के कारणों में फाइलेरिया एक प्रमुख कारण है। फाइलेरिया से होने वाले हाथीपांव के कारण रोगी की विकलांगता उसके पूरे जीवन को प्रभावित करती है। विश्व में अभी भी बड़ी संख्या में लोग हाथीपांव के शिकार होने की जद में हैं। फाइलेरिया के मरीजों को अपने रोग प्रबंधन के प्रति जागरूक होना जरूरी है। यह बातें विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने कही। उन्होंने बताया हाथीपांव से ग्रसित मरीज की देखभाल के लिए राज्य में मॉरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिस्टेबिलिटी प्रीवेंशन यानि एमएमडीपी किट का वितरण किया जा रहा है। एमएमडीपी किट के वितरण के साथ इसके इस्तेमाल की जानकारी दी गयी है। फाइलेरिया मरीजों की सहूलियत के लिए राज्य के सभी जिलों में एमएमडीपी क्लिनिक की स्थापना की जा रही है। सीतामढ़ी जिले के सभी प्रखंडों में एमएमडीपी क्लिनिक संचालित है और इससे फाइलेरिया मरीजों को उपचार में सहायता मिलेगी।

**राज्य के 24 जिलों में चलाया जायेगा एमडीए राउंड:** डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि अब साल में दो बार एमडीए राउंड आयोजित किया जायेगा। बिहार सहित देश के सभी फाइलेरिया प्रभावित राज्यों में फाइलेरिया उन्मूलन को गति देने के लिए अगले वर्ष फरवरी एवं अगस्त महीने में एमडीए राउंड संचालित किया जायेगा। इसकी शुरूआत 10 फरवरी को होगी। बिहार के 24 जिलों में यह एमडीए राउंड संचालित किया जायेगा। वहीं, डॉ. राजेश पांडेय, स्टेट कोऑर्डिनेटर, एनटीडी, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि विश्व भर में 130 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी तरह विकलांगता के शिकार हैं। जिसका अर्थ है कि विश्व की तकरीबन 16 फीसदी आबादी किसी न किसी तरह विकलांगता के साथ जी रहे हैं। स्वास्थ्य समता को बढ़ावा देने एवं इसमें सबके समावेश को तेज करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

**मरीज सीख रहे फाइलेरिया प्रबंधन के गुर:** फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क फाइलेरिया रोगियों को जीवन को सरल बनाने का प्रयास कर रहा है. राज्य के 11 जिलों गया, नवादा, अररिया, खगड़िया, पटना, सारण, गोपालगंज, सीवान, कटिहार, पुर्णिया एवं मुजफ़्फ़रपुर में नेटवर्क तैयार किये गये हैं। यह नेटवर्क एक नई पहल है जिससे फाइलेरिया रोगी अपने समाज के लोगों को इस रोग से बचाव के प्रति संदेश दे रहे हैं। पटना के फुलवारी ब्लाक के पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्य पटेल पंडित गीतों द्वारा मरीजों में जागरूकता फैलाते हैं। उन्होंने बताया कि नेटवर्क से जुड़कर लोगों को जागरूक कर वह अपना दायित्व निभा रहे हैं ताकि किसी को फाइलेरिया का शिकार न होना पड़े।

## डीएम के आदेश पर जेल में तीन दिनों तक चले अभियान में मिले मोबाइल व चार्जर

# ऑपरेशन क्लीन : जेल से 35 मोबाइल बरामद जेलर और कक्षपाल सहित तीन कर्मी सस्पेंड

- मोबाइल इस्तेमाल करने वाले बंदियों पर प्राथमिकी, 15 को दूसरे जेल भेजने की अनुशंसा
- लापरवाही और संलिप्तता में जेलर और दो कक्षपालों पर गिरी निलंबन की गाज

**केटी न्यूज/आरा**



जेल से बरामद मोबाइल

जिला मुख्यालय स्थित मंडल कारा शनिवार को हुई छापेमारी में एक बार फिर काफी संख्या में मोबाइल मिले हैं। अइस बार 35 मोबाइल और तीन चार्जर बरामद किये गये हैं। डीएम राजकुमार के आदेश पर तीन दिन तक चले ऑपरेशन क्लीन के दौरान मोबाइल की बरामदगी की गयी है। तलाशी के दौरान जेल प्रशासन द्वारा पांच से छह फीट जमीन खोदकर सारे मोबाइल निकाले गये। इधर, एक साथ इतनी काफी संख्या में मोबाइल मिलने से जेल और जिला प्रशासन में खलबली मच गयी। इस मामले में जेल अधीक्षक द्वारा जेलर सरवन इमाम खान, रक्षित उच्च कक्षपाल मो. एजाज और कक्षपाल जीतेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। तीनों को लापरवाही और संलिप्तता के आरोप में निलंबित किया गया है। कुछ कक्षपालों के स्थानांतरण की अनुशंसा भी की गयी है। वहीं मोबाइल इस्तेमाल करने वाले बंदियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है।

जेल अधीक्षक संदीप कुमार की ओर से शनिवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। वहीं भोजपुर डीएम की ओर से दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यालय से अनुशंसा की गयी है। बताया गया कि डीएम के आदेश पर 29 नवंबर से एक दिसंबर के बीच जेल में बीच "आपरेशन क्लीन" अभियान चलाया गया। इस दौरान जेल के वार्ड एक संख्या से छह और सात 14 नंबर के पीछे बाथरूम के आसपास जमीन के नीचे से 35 मोबाइल बरामद किये गये। गौरतलब हो कि पिछले 28 नवंबर को जिला प्रशासन द्वारा की गयी छापेमारी में भी मोबाइल, सिगरेट, गांजा और हेरोईन की पुड़िया सहित अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया था। उस मामले में सहायक जेलर गौतम कुमार सहित दो को निलंबित कर दिया गया था। उसके बाद डीएम की ओर से ऑपरेशन क्लीन चलाने का आदेश दिया गया था। ऐसे में 35 मोबाइल बरामद होने से जेल की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं।

### जमीन में गड्ढे खोद कर छुपाये गए थे मोबाइल

कारा अधीक्षक के अनुसार जिलाधिकारी के निर्देश पर जेल में 29 नवंबर से एक दिसंबर के बीच ऑपरेशन क्लीन चलाया गया। उसके तहत जेल की सघन तलाशी ली गयी। उस बीच जमीन में गड्ढे खोद कर मोबाइल छुपाये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर जमीन खोदने का काम शुरू किया गया। इस दौरान वार्ड एक संख्या से छह और सात से14 नंबर वार्ड के पीछे बाथरूम के आसपास पांच से छह फीट जमीन खोद एक-एककर 35 मोबाइल निकाले गये।

### चिन्हित कक्षपालों के स्थानांतरण की अनुशंसा की गई

कारा अधीक्षक संदीप कुमार के अनुसार कुछ कक्षपालों द्वारा गिरोह बना कर जेल में मोबाइल सप्लाई करने की सूचना मिल रही है। उसकी सूचना कारा मुख्यालय को भेज दी गई है। कुछ चिन्हित कक्षपालों के स्थानांतरण की भी अनुशंसा कर दी गई है। संदेहास्पद कक्षपालों पर निगरानी भी रखी जा रही है। इधर, सूत्रों के अनुसार बंदियों स मोबाइल पहुंचान के लिए बंदियों से चार से पांच हजार रुपए लिये जाते हैं। इधर, प्रशासनिक महकमे में चर्चा है कि जेलर की ओर से मोबाइल बरामदगी की सूचना डीएम को दिये जाने के बाद उनको सस्पेंड कर दिया गया है।

## भोजपुर में बारात देखन छज्जे पर खड़े थे लोग, भर-भराकर गिरे

- द्वारपूजा के दौरान गिरा छज्जा, बाराती व साराती के 25 लोग चोटिल
- घायलों का सरकारी और निजी अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर में शुक्रवार की रात द्वारपूजा के दौरान छत का छज्जा गिरने से घायलों की संख्या दो दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए हैं। जिनमें कइयों को गंभीर, तो कुछ को मामूली चोटें आयी है। घायलों में एक का इलाज सदर अस्पताल, जबकि अन्य का इलाज निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है। हादसे का कारण पुराने मकाश के कमजोर छज्जा पर अधिक भीड़ जमा होना बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार बारात देखने के लिए छज्जा पर महिलाओं सहित 25 से अधिक लोग खड़े थे। इससे छज्जा भरभराकर गिर पड़ा। इधर, हादसे में जख्मी कृष्णा कुमार ने बताया कि भलुहीपुर निवासी शिवजी यादव की दो पोतियों निशा कुमारी और आंचल कुमारी की बारात बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के लच्छू टोला गांव से आई थी। देर शाम द्वारपूजा हो रही थी। बारात देखने की ललक में बगल में एक घर की छत पर काफी महिलाएं और बच्चे खड़े थे। छत के नीचे बारात के स्वागत के करने के क्रम में करीब पचास लोग खड़े थे। उसी दौरान अचानक छत का छज्जा भरभरा कर गिर पड़ा। इससे छज्जा पर खड़ी महिलाओं व बच्चों के साथ नीचे मौजूद लोग दब गये। उसमें करीब ढाई दर्जन लोग जख्मी हो गये।



### छज्जा गिरते ही मची भगदड़

द्वारपूजा को लेकर शिवजी यादव के दरवाजे पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे। घर की महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। बैंड बाजे की धुन पर डांस हो रहा था। डांसर के साथ बाराती और साराती पक्ष के लोग भी थिरक रहे थे। पूरा माहौल जश्न में डूबा था। तभी अचानक छज्जा भरभराकर गिर पड़ा। इससे शादी समारोह में आयी महिला, पुरुष और बच्चों समेत करीब ढाई दर्जन लोग दब गये। इससे चीख-पुकार मच गयी। द्वारपूजा के गीत के बदले रोना-धोना मच गया। पूजा और मंत्र बंद हो गये। सभी लोग घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुट गए।

## सड़क हादसे में जख्मी ठेकेदार की मौत, घर में मचा कोहराम

- इलाज के दौरान पटना के एक अस्पताल में शनिवार की सुबह ठेकेदार ने तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटकी सासाराम गांव के समीप आरा-बक्सर हाईवे पर बीते दिनों सड़क हादसे में जख्मी ठेकेदार की मौत हो गयी। पटना के एक अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग (रिसाला के पीछे) निवासी स्व. अशोक सिंह के पुत्र अमित कुमार सिंह थे। हादसे में उनके चचेरे भाईअंकित रंजन उर्फ हन्नी भी जख्मी हो गए थे। उनका इलाज चल रहा है।? बताया जा रहा है कि अमित कुमार सिंह अपने चचेरे भाई के साथ 27 नवम्बर को एक शादी समारोह में गये थे। देर शाम करीब साढ़े आठ बजे दोनों कार से घर लौट रहे थे। उसी समय छोटकी सासाराम गांव के समीप दोनों हादसे के शिकार हो गये थे।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जेसीबी की मदद से कार के दरवाजे को अलग कर घायलों को बाहर निकाला था। उसके बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया था। बताया जा रहा है कि अमित कुमार सिंह दो भाइयो में छोटे था?। उनके बड़े भाई अभिषेक कुमार सिंह उर्फ मिक्की हैं। वह अखबार के व्यवसाय से जुड़े हैं।? ठेकेदार के परिवार में मां, पत्नी प्रिया और पुत्र आर्नव है। अमित कुमार सिंह के पिता अशोक सिंह का इसी साल 30 अक्टूबर को निधन हो गया था। पहले पिता और अब बेटे की मौत से घर में कोहराम मचा है। इधर, पत्नी सहित परिवार के अन्य सभी सदस्य बेहाल थे।

# सड़क हादसे में जख्मी चौथी के छात्र की हुई मौत, मां का चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मिल्की और बिशुनपुर गांव के बीच आरा-बक्सर हाईवे पर शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में जख्मी बच्चे की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में शनिवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। मृत बच्ची गजराजगंज ओपी क्षेत्र के नवादा बेन गांव निवासी लवकुश पासवान का 10 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार था। वह चौथी कक्षा का छात्र था और गांव स्थित मिडिल स्कूल में पढ़ता था। उसके दादा चौकीदार हैं। हादसे में उसकी मां भी गंभीर रूप से जख्मी है, जिनका पटना में इलाज चल रहा है। इधर, बच्चे की मौत की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। जबता दें कि हिमांशु की तबीयत खराब थी। ऐसे में शुक्रवार की शाम उसकी मां चिंता देवी उसका इलाज कराने के लिए भतीजे विक्की पासवान और उसके दोस्त राहुल कुमार के साथ बाइक से आरा आ रही थी।

उसी दौरान आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर स्थानीय थाना क्षेत्र के मिल्की और बिशनपुरा गांव के बीच समीप पीछे से आ रही मैजिक वाहन द्वारा बाइक में जोरदार ठोकर मार दी थी। उसमें चारों बाइक से गिर पड़े थे और गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उसके बाद हिमांशु कुमार और उसकी मां चिंता देवी की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान शनिवार की सुबह हिमांशु ने दम तोड़ दिया।

बताया जाता है कि हिमांशु अपने दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां चिंता देवी छोटा भाई श्रीयंशु और छोटी बहन गुंजन कुमारी है। घटना के बाद मृत बालक के घर में कोहराम मच गया है। बेटे के वियोग में मां चिंता देवी बेहाल है। इधर, भाई और बहन सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### देश व समाज के विकास में दिव्यांगजनों की भागीदारी को बढ़ाना आवश्यक: डॉ. धनंजय



**आरा।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर जिले के जगदीशपुर प्रखंड स्थित कहथू मसूढ़ी के प्लस टू विद्यालय में शनिवार को सक्षम भोजपुर के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. धनंजय कुमार तिवारी (मनोवैज्ञानिक) ने बताया कि वर्तमान में 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को दिव्यांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 में सम्मिलित किया गया है। सभी प्रकारों की पहचान एवं पुनर्वास के संबंध में जानकारियां तो दी ही गईं। साथ ही, इस तथ्य पर जोर दिया गया कि समाज व देश के विकास में किस प्रकार दिव्यांग जनों भागीदारी आवश्यक है तथा यदि ऐसा नहीं होता है तो इसका दोगुना नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अतः सशक्तिकरण इस प्रकार हो कि उनकी पूर्ण भागीदारी संभव हो सके। जिला सचिव हरिश्चन्द्र साह द्वारा बताया कि सभी तरह के दिव्यांग जनों के लिए कार्य करने वाला यह एकमात्र राष्ट्रीय संगठन है जिसके भारतवर्ष के सभी प्रांतों में कार्य है साथ ही दिव्यांग सेवा केंद्र, नेत्रकोषों (आई बैंक्स) का भी संचालन किया जा रहा है। मौके पर मुखिया उमेश सिंह, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मिश्र, विभा सिंह, गोविंदम, राजेश कुमार, मनोरमा रानी, संतोष कुमार, प्रियदर्शनी कुमारी, शैलेश तिवारी, धीरेंद्र उपाध्याय, धर्मेंद्र प्रसाद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पूर्व चेयरमैन हत्याकांड मामले के खुलासे के करीब पहुंची पुलिस, हिरासत में लिए गए चार

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने शाहपुर नपं के पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार की हत्या की गुत्थी करीब-करीब सुलझा ली है। पुलिस इस हत्याकांड में शामिल बदमाशों के काफी करीब पहुंच गयी है। इधर, तफ्तीश में जुटी पुलिस ने चार संदिग्धों को उठाया है। वीडियो फुटेज और टावर डंप के आधार एवं बातचीत के विश्लेषण के आधार पर चारों को हिरासत में लिया गया है। इनमें एक शाहपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। चारों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि हिरासत में गये संदिग्धों में लाइनर से लेकर शूटर तक शामिल हैं। चारों से पूछताछ के आधार पर छापेमारी भी की जा रही है। हालांकि पुलिस फिलहाल इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। बताते चलें कि पूर्व की रंजिश में पिछले 27 नवंबर की दोपहर पूर्व मुख्य पार्षद वशिष्ठ प्रसाद उर्फ मंटू सोनार की उनके घर के सामने होटल में गोली मार हत्या कर दी गयी थी। बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा उनको पांच गोलियां मारी गयी थी। उस मामले में जेल में बंद तीन लोगों सहित 13 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उस मामले में पुलिस द्वारा अबतक दो महिला आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इधर, हत्याकांड का खुलासा और गिरफ्तारी को लेकर एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से विशेष टीम गठित की गयी है।

# खुदीराम बोस ने युवाओं को एकजुट कर शुरू की थी अंग्रेजों के खिलाफ बगावत

- ओबीसी छात्रावास में मयार्दा पूर्वक मनाई गई शहीद खुदीराम बोस की 133 वीं जयंती

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



पुष्प अर्पित करते लोग

जिल मुख्यालय स्थित ओबीसी छात्रावास में शनिवार को अमर शहीद खुदीराम बोस की 133वी जयंती मनाई गई। जहां छात्रों ने खुदीराम बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत ओबीसी के छात्र नायक जय राम कुमार ने पुष्पांजलि से शुरू किया। तत्पश्चात शिव चंद्र सहाय के द्वारा देश भक्ति गीत का भी आयोजन किया गया। इस क्रम में विनोद कुमार, दीपू कुमार, अनिल कुमार ,अमित कुमार सभी ने खुदीराम के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसंबर 1889 एवं शहादत 11 अगस्त 1908 को हुआ। अत्याचारी अंग्रेज किंग्स फोर्ट को मारना चाहते थे लेकिन दुर्भाग्यवश उसकी पत्नी केनेडी हादसे का शिकार हो गई। इसी में उन्हें फांसी की सजा हुई। वहीं एआईडीएसओ के जिला सचिव राजू कुमार ने खुदीराम बोस के जयंती समारोह के मौके पर उपस्थित होकर जिस तरह से खुदीराम बोस ने देश के युवाओं और जनता को एकजुट कर आजादी के आंदोलन के समय अंग्रेजों के खिलाफ बगावत शुरू की थी। वो जीवन प्रयत्न व संघर्ष करते रहें। आज के समय में भी हमें उनसे प्रेरणा लेकर के आगे बढ़ना चाहिए है।

वक्ताओं ने कहा कि हम लोग जानते हैं, खुदीराम बोस ने देश के लिए अपने आप को पूरी तरह से कुर्बान किया था। आज भी वह हमारे प्रेरणा के स्त्रोत हैं। वर्तमान में हमारे देश में शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार, सुरक्षा आदि तमाम स्थिति का घोर संकट है। ऐसी परिस्थिति में हम लोग को खुदीराम बोस की तरह एकजुट होकर आज संघर्ष चलाने की जरूरत है। उनका जीवन से हम लोग यही प्रेरणा लेंगे कि आज जो अपने देश में समाज में दिक्कत चल रहे हैं। हम लोग एकजुट होकर के संघर्ष के माध्यम से उसे ठीक करने का प्रयास करें। तभी खुदीराम बोस का याद करना सही मायने में सफल माना जाएगा। खुदीराम बोस अमर रहे, खुदीराम बोस के धरती पर बेतहाशा फीस वृद्धि नहीं चलेगा, स्कूल कॉलेजों को निजी करना बंद करो,स्कूल कॉलेज में महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी करनी होगी, खुदीराम बोस के धरती पर अन्याय जुल्म अत्याचार नहीं सहेंगे इन तमाम नारे के साथ छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## खबरें फटाफट

### दिव्यांगों को मुख्यधारा में जोड़ने का हो प्रयास

**बक्सर।** उप विकास आयुक्त बक्सर डॉ महेंद्र पाल के द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन बुनियाद केंद्र बक्सर परिसर में किया गया। बुनियाद केंद्र में कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता श्रीमती विनीता राय दिव्यांगजन कलाकार द्वारा कला प्रदर्शनी गीत गायन एवं दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। विभिन्न/व्यक्तियों एवं संस्थानों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त बक्सर ने दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में जोड़ने हेतु आर्थिक एवं सामाजिक आयोजन पर बल दिया। दिव्यांगजनों को बक्सर जिले में मिलने वाली सुविधाओं से अधिकतम रूप से आच्छादित करने की बात कहते हुए सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग बक्सर ने बताया कि अभी तक बक्सर में 183 लाभार्थियों को मोटरट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई है एवं बहुत जल्द ही अन्य योग्य लाभुकों को मोटरट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी।

### लग्जरी कार से 100 लिटर शराब जब्त

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने 100 लिटर देशी महुआ शराब के साथ एक लग्जरी कार को जब्त किया है। यह बरामदगी नोनियापुरा पेट्रोल पम्प से पश्चिम नोनियपुरा उड़ियानगंज सड़क से शुक्रवार की रात्रि हुई है। बरामद सेंट्रो कार में शराब के साथ ही दो तस्करों को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब तस्कर कार से शराब की बड़ी खेप लेकर आ रहे है। इस सूचना पर पुलिस ने अपना जाल बिछा वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया था। तब तक एक सेंट्रो कार आती दिखाई दी। पुलिस ने जब उसे रूकवाकर तलाशी ली तो उसमें 100 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ।

### मारपीट में युवती ने पांच पर दर्ज कराया मामला

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के गजरावा मोहल्ले की युवती रजिया खातून ने मोहल्ले के ही की आकाश रजक, विकास रजक, सुग्रीव रजक समेत पांच लोगों पर रास्ते में घेरकर पिटने का आरोप लगा स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर पुलिस इसके जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि इसके पहले आरोपी विकास रजक की मां गुड़िया देवी ने भी रजिया के साथ उसके भाईयों, मां आदि पर अपने बेटे विकास को मारने तथा घर पर आकर गाली गलौज करने, धमकी देने आदि का अरोप लगा एफआईआर दर्ज कराया था। पुलिस इसे आपसी विवाद मान रही है।

### स्कूल के लिए निकली किशोरी गायब

डुमरांव। घर से स्कूल के लिए निकली 14 वर्षीय एक किशोरी गायब हो गई है। मामला डुमरांव थाना क्षेत्र के एक गांव का है। छुट्टी के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजन स्कूल में जाकर पूछताछ किए तो पता चला कि वह स्कूल भी नहीं आई थी। इसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाना में उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। वहीं किशोरी का सुराग नहीं मिलने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है।

# उसना चावल देने की समस्या का कर दिया गया है निदान: उपविकास आयुक्त

- फसलों के बेहतर उत्पादन से खुश डीडीसी ने दिया कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने का सुझाव
- पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक कर डीडीसी ने धान अधिप्राप्ति के शत प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने का दिया निर्देश


पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक करते डीडीसी

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड में फसलों का उत्पादन बहुत बेहतर हो रहा है। यहा कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। पैक्स अध्यक्षों को अपने अधिकार का प्रयोग कर किसानों को खेती आधारित छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। उक्त बातें बक्सर के डीडीसी डा महेन्द्र पाल ने शनिवार को राजपुर में कही। वे धान अधिप्राप्ति के अद्यतन स्थिति का जायजा लेने तथा बीच में किसानों के समक्ष आई उसना चावल देने की समस्या का निदान लेकर राजपुर पहुंचे थे। प्रखंड के व्यापार मंडल कार्यालय पर हुई बैठक में डीडीसी के साथ जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रभाकर कुमार भी मौजूद थे। बैठक के दौरान डीडीसी ने कहा कि सरकार के तरफ से जो धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है, उसे हर हाल में पूरा करना है। उन्होंने कहा कि उसना चावल को लेकर जो समस्या थी उसका निदान कर दिया गया है। डीडीसी ने पैक्स अध्यक्षों की चिंता दूर करते हुए कहा कि जिले में उसना चावल की मिले नहीं है। यहां सिर्फ अरवा चावल की मिले ही है। डीडीसी के इस आश्वासन के बाद पैक्स अध्यक्षों के चेहरे पर खुशी देखी गई। बैठक में पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला, संतोष राय, सचिन मौर्य, राज नारायण सिंह, शैलेश कुमार दुबे के अलावा कई अन्य पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।

वहीं डीडीसी ने कहा कि राजपुर में फसलों के बेहतर उत्पादन को देखते हुए कहा कि यहा कृषि आधारित कई छोटे एवं घरेलू उद्योग लगाए जा सकते हैं। जिसके लिए पैक्स इकाइयों के पास अपना अधिकार है। उन अधिकारों के तहत उसे विस्तारित करके कृषकों तथा मजदूरों को रोजगार भी दे सकते है। डीडीसी ने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पहल करने की जरूरत है।

### धान अधिप्राप्ति के लिए जागरूक करेंगे पदाधिकारी

जिला सहकारिता पदाधिकारी ने धान खरीद के मामले में आने वाले अड़चनों को आसानी से हल कर इस लक्ष्य को पूरा करने का टॉस्क भी दिया एवं सुझाव दिया कि सहकारिता पदाधिकारी पंचायतों में पहुंचकर किसानों को धान अधिप्राप्ति के लिए जागरूक करेंगे। जिन किसानों ने अपना निबंधन करा लिया है, उनका धान सरकारी रेट पर लिया जाए। बशर्ते धान में 17 प्रतिशत से अधिक नमी नहीं होनी चाहिए। जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जाहिर करते हुए धान खरीद के लक्ष्य को पूरा करने का भरोसा दिया। धान अधिप्राप्ति को ले डीडीसी व जिला सहकारिता पदाधिकारी की सक्रियता से किसानों की खुशी बढ़ गई है।

## बन्हेजी डेरा गांव के लोगों को नहीं है नप के सुविधाओं की जानकारी

# मनमानी : सफाई के नाम पर नगर परषिद में जमकर हो रहा सरकारी राशि का दुरुपयोग

- गांव में आज तक नहीं गए हैं सफाई कर्मी


गांव में बिखरी गंदगी


सड़क पर बहता नाली का पानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

यूं तो नियमावली के विरुद्ध काम करने तथा भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप नगर परिषद के पदाधिकारी एवं कर्मियों पर है। कई मामला तो हाईकोर्ट में सुनवाई के इंतजार में है। एक मामला नगर के सफाई के लिए चयनित किए गए एनजीओ के खिलाफ भी है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी पर आरोप है कि नियम को ताक पर रख अपने चहेते एनजीओ को सफाई का ठेका देकर प्रतिमाह 40 लाख से अधिक राशि निकासी कर बंदरबांट किया जा रहा है।

जिसको लेकर केशव टाइम्स न्यूज ने नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र बन्हेजी डेरा का दौरा किया। गांव के लोगों को नहीं मालूम कि डोर टू डोर कूड़ा का उठाव क्या है तथा यह होता कैसे है। नालियों और गलियों की सफाई के लिए आज तक कोई नहीं आया। गांव का मुख्य मार्ग कूडा से भरा पड़ा है। इन लोगों को ग्राम पंचायत के दायरे से निकले हुए एक वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो गया। इन्हें यह भी नहीं मालूम कि दीनदयाल अंत्योदय योजना व शहरी आजीविका मिशन क्या है। यह लोग न तो स्वयं सहायता समूह में शामिल हुए हैं और नहीं यहां के किसी बेरोजगार को स्वरोजगार का प्रशिक्षण मिला है।

### कहते हैं बन्हेजी डेरा के लोग


**सरल चौधरी** का कहना है कि एक वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो गया। आज तक कोई भी सफाई कर्मी यहां नहीं आया है। किसी घर से डोर टू डोर कूड़ा का उठाव नहीं किया गया है। नगर परिषद के किसी भी सुविधा का लाभ नहीं मिला है।


**शंकर यादव** का कहना है कि नगर परिषद की क्या सुविधाएं होती हैं इसकी जानकारी लोगों को नहीं है। नगर परिषद का कोई कर्मी नहीं आता है। पूरे गांव में लोगों को नगर परिषद के किसी भी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गांव की गलियों में लाइटिंग भी नहीं है।


**सीमा देवी** का कहना है कि गांव के नगर परिषद क्षेत्र में शामिल होने से विकास की उम्मीद जगी थी। गांव के मुख्य मार्ग पर कूड़ा फेंका जाता है। एक वर्ष से अधिक हो गया आज तक एक भी सफाई कर्मी इस गांव में प्रवेश नहीं किया है। पूरा गांव कूड़े के ढेर पर बैठा है।


**राजधन कुमार** का कहना है की डोर टू डोर पुणे का उठाव नहीं होने से गांव वालों को स्वयं कूड़ा का उठाव करना पड़ता है। गांव की गलियों तथा नालियों की सूरत एकदम खराब हो गया है। बेरोजगार युवकों को रोजगार सृजन के लिए प्रशिक्षण की तत्काल आवश्यकता है।

# नया भोजपुर के मनोज बने असिस्टेंट प्रोफेसर, परिजनों में छाई खुशी

- पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में मातृभाषा पढ़ाएंगे नया भोजपुर के डॉ मनोज गुप्ता
- सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और बड़े भाई को देते हैं


डॉ मनोज गुप्ता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा पिछले दिनों हिंदी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर के परिणाम घोषित किये गए। जिसमें बक्सर जिले के नया भोजपुर गांव निवासी गुलाबचंद्र प्रसाद के पुत्र डॉ. मनोज गुप्ता का चयन पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी, पटना में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा राज हाई स्कूल, डुमरांव से ही पूरी हुई थी। जबकि इन्होंने अपनी ग्रेजुएशन से लेकर पीएचडी तक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से की है। फिलवक्त ये दिल्ली विधानसभा में एसोसिएट फेलो के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय में गेस्ट फैकल्टी के तौर पर अध्यापन का भी कार्य कर रहे हैं। डॉ मनोज को बचपन से ही मातृभाषा हिन्दी से गहरा लगाव रहा है तथा इनके दर्जनों लेख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इन्हें लिखने-पढ़ने के अलावा राजनीति में भी गहरी दिलचस्पी है। उनकी इस सफलता से पूरा परिवार झूम उठा है। जबकि ग्रामीणों को भी अपने इस सपूत पर गर्व हो रहा है। डॉ. मनोज गुप्ता अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और बड़े भाई को देते हैं। इनके पिता गुलाबचंद्र प्रसाद ने बताया कि मनोज बचपन से ही एक मेधावी और मेहनती विद्यार्थी रहे हैं। उन्हें मातृभाषा हिन्दी व देश से अटूट लगाव है। डा मनोज ने कहा कि नई पीढ़ी के छात्रों में मातृभाषा के प्रति अलख जगाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि हमें हिन्दी भाषा पर गर्व होनी चाहिए। यह हमारी मातृभाषा व अस्मिता की पहचान है।

# बीडीसी के घर नकदी समेत लाखों की चोरी, दर्ज कराया एफआईआर


पीड़ित परिवार

**केटी न्यूज/राजपुर**

स्थानीय थाना क्षेत्र के बघेलवा निवासी व तियरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य के घर चोरों ने चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। चोरी की यह वारदात बीती रात की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीसी मायाद देवी के पति बिहारी रजक ने बताया है कि रात में अज्ञात चोर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिए है।

पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि रात्रि प्रहर घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। इस दौरान घर में प्रवेश कर चोरों ने 43 हजार रूपए नगद के साथ दो मोबाइल तथा घर में रखे कीमती सामानों की चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि चोरों द्वारा लाखों रूपए के सामान का चुराया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था व पुलिस गश्त पर भी सवाल उठ रहे है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष युसुफ अंसारी ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन दिया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### चौसा की घटना के खिलाफ भाकपा माले ने जिला मुख्यालय में निकाला प्रतिवाद मार्च



**केसठ।** चौसा में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानों पर पुलिस दमन के खिलाफ भाकपा माले ने अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले बक्सर के कमलदह पोखरा से शनिवार को प्रतिवाद मार्च निकाला। भाकपा माले के कार्यकताओं ने मार्च में नारे लगाते जा रहे थे चौसा में धरनारत किसान आंदोलन पर दमन बंद करों, वार्ता से मामला हल करो, लाठीचार्ज, गिरफ्तारी पर रोक लगाओ, तमाम किसानों को जमीन अधिग्रहण मुआवजा अविलंब प्रदान करो, धरनारत किसानों के मांगों को पूरा करो। जुलूस ज्योति चौक पर जाकर सभा में तब्दील हो गया। वही सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के नेताओं ने कहा कि चौसा में शांतिपूर्ण तरीके से किसान अपनी जायज मांगों को लेकर धरना पर बैठे हुए हैं। राजनीतिक उकसावे में आकर प्रशासन कंपनी के पक्ष में खड़ा होकर आधी रात को जब किसान धरना स्थल पर सोए हुए थे, तो पुलिस प्रशासन जाकर उन्हें जगाकर लाठी से पीटा तथा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं नेताओं ने कहा कि यह सरकार किसान मजदूर विरोधी है। नेताओं ने कहा कि किसानों को 2022 के दर पर दिया जाए। जब तक किसानों को जमीन का पूर्ण मुआवजा नहीं देती है तब तक कंपनी कार्य शुरू नहीं करेगी। किसानों की मांग है कि 34 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देना था, लेकिन कंपनी 28 लाख प्रति एकड़ की बात कर रही है। किसानों की मांग पूरी नहीं होती है तो धरना और भी उग्र होगा।

### फोरलेन पर चार दुर्घटनाओं में सात जख्मी

**डुमरांव।** शुक्रवार की देर शाम नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एनएच 84 ( फोरलेन ) पर हुई चार अलग-अलग दुर्घटनाओं में कुल सात लोग जख्मी हो गए। हालांकि किसी भी घटना की शिकायत स्थानीय थाने में दर्ज नहीं कराई गई है। इनमें से दो घटनाएं नया भोजपुर ओपी थाने के ठीक सामने एक घंटे के अंतराल पर ही हुई थी। जबकि तीसरी घटना महाराजा कोठी के सामने व चौथी घटना प्रतापसागर के पास की है। नया भोजपुर ओपी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी दुर्घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को भेजा जा रहा था। लेकिन दुर्घटना के शिकार लोग पहले ही वहा से अस्पताल पहुंच जा रहे थे। उनकी दुर्घटनाग्रस्त बाइके भी नहीं मिल पाई है। गौरतलब है कि फोरलेन निर्माण के बाद से इस पथ पर वाहनों का रफ्तार बहुत तेज हो गया है। जबकि इधर शुभ लग्नों के चलते भी शाम में सड़क पर भीड़ बढ़ जा रही है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर आजाद ने वाहन चालकों से स्पीड नियंत्रित रखने व बाइक चालकों को हेमलेट पहनने की नसीहत दी है।

### नगर भवन के मंच पर आज तय करेगी बिहार 2025 का एजेंडा, राष्ट्रीय प्रवक्ता भी होंगे शामिल

**बक्सर।** 2025 में कैसा हो बिहार इसकी परिकल्पना आज नगर भवन के मंच पर की जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में शहर के बुद्धिजीवी साहित्यकार पत्रकार एवं सामाजिक सोच रखने वाले सभी लोगों को इस मंच पर बुलाया गया है। सवाल यह की बिहारी आगे तो बिहार पीछे क्यों। देश के स्वर्णिम युग का निमार्ता रहा बिहार जातिवाद क्षेत्रवाद भाई भतीजावाद के चक्रव्यूह में उलझ कर पिछड़ेपन के अंधकार में विलीन हो रहा है। दुनिया को सभी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा देने वाला बिहार देश विदेश में प्रचुर मात्रा में श्रम शक्ति से भरपूर है। फिर भी यह राज्य विकास की रफ्तार में शामिल नहीं हो पाया है। इस गंभीर सवाल पर रविवार को नगर भवन में मंथन किया जाएगा। जिसमें विषय एजेंडा 2025 क्या हो रहेगा। जिसमें राजनीतिक दलों आर्थिक मामलों के जानकार विशेषज्ञ बुद्धिजीवी तथा देश विदेश में अपने प्रतिभा से बिहार का पहचान बनाने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम गैर राजनीतिक बताया गया है।

## परिवार नियोजन जागरूकता शिविर में योग्य दंपतियों को किया गया प्रेरित

# पुरुष नसबंदी के तहत लाभार्थी को मिलती है 3 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

- परिवार केवल महिलाओं से नहीं चलता, पुरुषों की भी भागीदारी रहनी चाहिए


शिविर में शामिल लाभार्थीगण

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के पीएचसी में शनिवार को मिशन परिवार विकास अभियान के तहत परिवार नियोजन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण करना है। योग्य दंपति को जागरूक कर परिवार नियोजन के लिए प्रेरित करना है। योग्य दंपति को परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी बिभिन्न संसाधनों से अवगत कराना है। कार्यक्रम का अध्यक्षता करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने जनसंख्या नियंत्रण विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परिवार केवल महिलाओं से नहीं चलता उसमें पुरुषों का भी भागीदारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार, पुरुष नसबंदी की तुलना में महिला बंध्याकरण नसबंदी 20 गुना अधिक जटिलता से भरा होता है। पुरुष नसबंदी की तुलना में महिला बंध्याकरण के फेल होने की संभावना भी 10 गुना अधिक होती है। साथ ही पुरुष नसबंदी महिला बंध्याकरण की तुलना में 3 गुना कम महंगा होता है। वहीं, परिवार नियोजन की दिशा में सिर्फ महिलाएं ही आगे आ रही है। इसमें पुरुषों का भी भागीदारी सुनिश्चित कराना जरूरी है। उपस्थित महिलाओं के बीच गर्भ निरोधक गोलियों का वितरण किया गया। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक सुशील कुमार, फार्म शिष्ट वीरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, बिक्की कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

**प्रोत्साहन राशि का प्रावधान**

डॉ विनय कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन में महिलाओं के साथ पुरुषों की सामान भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक मिशन परिवार विकास पखवाड़े का आयोजन किया गया है जिसके तहत जिला से लेकर समुदाय स्तर तक लोगों को पुरुष नसबंदी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुरुष नसबंदी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन धनराशि का भी प्रावधान है।

### पुरुष नसबंदी के लिए योग्यता

- लाभार्थी की उम्र 22 वर्ष से कम नहीं हो
- लाभार्थी शादी-शुदा हो
- लाभार्थी की उम्र 60 वर्ष से कम हो
- लाभार्थी की एक संतान हो, जिसकी उम्र नसबंदी के समय कम से कम 1 साल हो
- मानसिक तौर पर बीमार लाभार्थी मनोरोगी चिकित्सक द्वारा प्रमाणित हो

## एक नजर

### क्लस्टर खेल प्रतियोगिता में लम्बी कूद में आलोक यादव ने प्राप्त किया सिल्वर मेडल



**मऊ।** जिले के घोसी स्थित लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल में शनिवार को छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीबीएसई द्वारा कौशांबी जनपद में आयोजित क्लस्टर खेल प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। जनपद कौशांबी में लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल के छात्र आलोक यादव ने लम्बी कूद में सिल्वर मेडल प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस मौके पर लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल के संस्थापक विजय शंकर यादव ने छात्रों का प्रोत्साहन कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। वहीं, स्कूल के डायरेक्टर मुरलीधर यादव ने खेल एवं शारीरिक शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल के प्रबंधक रामलखन यादव ने बच्चों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत छात्रों को बधाई देते हुए विद्यालय के पाधनाचार्य संजय राय ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल एवं शारीरिक शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उन्हें प्रतिस्पर्धी खेलों में भाग लेने हेतु जागरूक किया। मौके पर पीटीआई सतीश यादव, राकेश भारद्वाज, राजन राय, अमित सिंह, अशोक श्रीवास्तव, धर्मेंद्र यादव एवं अन्य सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**बलिया।** जिले के रसड़ा कोतवाली पुलिस ने शनिवार को तिराहीपुर पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की दो बाइक सहित दो अवैध चाकू व एक बाइक का लाक तोड़ने वाली गोटी बरामद की है। उपनिरीक्षक अजय यादव पुलिस बल के साथ रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग के तिराहीपुर पुल के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच शिवरी अमहट की तरफ से एक ही बाइक पर सवार तीन व्यक्ति नागपुर निवासी मनोज कुमार का बेटा दिलीप कुमार, पुत्र बलुआ बेसवान निवासी स्व. नन्दु यादव का बेटा विकास यादव तथा सिकन्दरपुर थाना के रामपुर निवासी राम बचन का बेटा विपिन उर्फ बुलट आते दिखायी दिये। उन्हें रोकने का इशारे किये जाने पर वे भागने लगे। जिनको पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। गहन-पूछताछ के बाद पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने चोरी के दो बाइक सहित अन्य सामान बरामद कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हितेश कुमार सहित कांस्टेबल अजीत सिंह व मानस सिंह मौजूद रहे।

### कुएं में मिली दवाएं स्वास्थ्य सेवाओं को चिढ़ा रही मुंह

**मऊ।** रतनपुरा प्रखंड के गुलौरी ग्राम पंचायत में अवस्थित एक कुएं से अब तक कुल 12 बोरी दवाएं निकाली जा चुकी है। जिसमें कुल 32 तरह की दवाएं हैं। परंतु जांच में अभी तक दोषियों का ठौर ठिकाना नहीं मिल सका है। उधर जिस किसान के कुएं से दवाएं मिली है। वह किसान और कूप मालिक अरुण कुमार सिंह डब्लू काफी परेशान है। क्योंकि उनकी बोई फसल चार पहिया वाहनो के आवागमन से रौंदी जा चुकी है। तथा जिस कुएं से वे सिंचाई करते थे वह भी दवाओं के प्रभाव से दूषित तो चुका है। कुएं में अभी भी दवाएं पड़ी हुई है और तैरते हुए उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं को मुंह चिढ़ा रही है। सरकार जरुरतमंदो के लिए दवाई उपलब्ध करा रही है और उसी विभाग के कर्ता धर्ता उसे कुएं की भेंट चढा रहे हैं। मानवता के लिए कलंक साबित होने वाले ऐसे प्रकरण में अभी तक स्वास्थ्य सेवाओं को ठेंगा दिखाने वालों पर कोई कार्यवाही ना होना भी अपने आप में एक सवाल खड़ा कर रहा है। चार महीने पहले तक जिस स्थानांतरित चीफ फार्मासिस्ट ने चार्ज नहीं दिया और उसकी सुपरवाइजरिंग करने वाले के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होना भी भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है। प्रगतिशील किसान अरुण कुमार सिंह ने शासन और प्रशासन से मांग किया है कि कि जल्द से जल्द उनके उनके कुएं की सफाई कराई जाए। तथा उनके फसल की जो क्षति हुई है, उसकी तत्काल क्षतिपूर्ति दिलाई जाए।

### एसडीएम ने दो दिन के अंदर आवेदनों के निस्तारण का दिया निर्देश

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह यादव ने पीड़ितों की समस्या सुनते हुए मामलों का सत्यता तथा गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने हेतु संबंधित विभाग को प्रार्थना पत्र देकर निस्तारण के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पीड़ित चंद्रभान मोहल्ला भूली पुर निवासी रास्ता को खुलवाने के संबंध में, रणधीर सिंह ग्राम इटोरा चौबेपुर विद्युत तार को सही कराने के संबंध में, शारदा मोहल्ला फरीदपुर निवासी नगर पंचायत द्वारा नक्शा पास कराने के संबंध में, रामप्रीत ग्राम कमालपुर अवैध कब्जा करने के संबंध में, मनसा पत्नी विनोद कुमार मोहल्ला कबीरा बाद आवास दिलाने के संबंध में, उपेंद्र पुत्र शंभू ग्राम मालव कब्जा दिलाने के संबंध में समेत आदि लोगों ने प्रार्थना पत्र एसडीएम को दिया। जिस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग को प्रार्थना पत्र देकर 2 दिन के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जबकि पड़े कुल 57 प्रार्थना पत्रों में से मात्र 3 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। इस मौके पर तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार गौरव शाह, प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह, अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार चंद्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नीतीश गौरव राम, सम्मुख एसडीओ विद्युत नीरज कुमार, राजेंद्र यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी लईक अहमद, आबकारी निरीक्षक सुरेश कुमार मौर्या समेत तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# खुशखबरी: इंतजार खत्म, पहले चरण में बनेंगे 5307 प्रधानमंत्री आवास

- 80 करोड़ 22 लाख 59 हजार 190 रुपए की धनराशि होगी खर्च
- यह लक्ष्य पहले चरण का, हो सकता है और इजाफा

**तिलक कुमार/बलिया**

देर से ही सही जिले के ग्राम पंचायतों को भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य उपलब्ध कराया गया है। पहले चरण में कुल 5307 आवास बनेंगे। इस पर कुल 80 करोड़ 22 लाख 59 हजार 190 की धनराशि खर्च होगी। लक्ष्य प्राप्त होने के बाद डीआरडीए के पीडी ने सभी ब्लॉकों के बीडीओ को लाभार्थियों पंजीकरण कर जियो टैगिंग करने का निर्देश भी जारी किया गया है।

वर्ष 2022-23 में गरीबों को छत मुहैया कराने के लिए जिले को लक्ष्य का इंतजार था। जबकि हर बार नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के बाद लक्ष्य आवंटित हो जाते थे। इसके चलते सेक डाटा में शामिल विभिन्न वर्ग के लाभार्थी भी इंतजार में थे। पीएम आवास के लक्ष्य का निर्धारण भारत सरकार की ओर से सीधे ग्राम पंचायतों को किया जाता है और लक्ष्य सीधे संबंधित ब्लॉक के बीडीओ की लॉगिन पर पहुंचता है। अब इंतजार समाप्त हो गया है और भारत सरकार की ओर से जिले के ग्राम पंचायतों को गरीबों को छत मुहैया कराने के लिए कुल 5307 आवास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि यह लक्ष्य अभी पहले चरण का है और लक्ष्य में इजाफा हो सकता है। लक्ष्य मिलते ही विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। डीआरडीए के पीडी ने सभी बीडीओ को लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थियों का पंजीकरण करते हुए जियो टैगिंग करने का निर्देश जारी कर दिया है।

**बिचौलिए से रहें सतर्क, अधिकारियों को दें सूचना :** पीएम आवास के लिए लक्ष्य प्राप्त होने के बाद डीआरडीए के पीडी ने सभी ब्लॉकों को पत्र जारी कर नियमानुसार पात्रों का चयन कर पंजीकरण व जियो टैगिंग का निर्देश दिया है। पीडी ने भारत सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार कार्रवाई करने को कहा है। इसके अलावा लाभार्थियों से अपील की है कि आवास के लिए किसी बिचौलिए का सहारा नहीं लें। अगर कोई सुविध शुल्क की मांग करता है तो इसकी सूचना जिलाधिकारी- 9454417522, सीडीओ- 9454464611 व पीडी- 9454464612 नंबर पर सूचना दें।



**प्रथम चरण का है यह लक्ष्य : पीडी**

भारत सरकार की ओर से जिले के ग्राम पंचायतों को पीएम आवास का लक्ष्य उपलब्ध कराया गया है। यह लक्ष्य प्रथम चरण का है। लाभार्थियों के पंजीकरण व जियो टैगिंग का निर्देश सभी ब्लॉकों को दिया गया है।

**- उमेश मणि त्रिपाठी, पीडी, डीआरडीए, बलिया**

### सबसे अधिक सीयर में 680 व सबसे कम बेरुआरबारी में 66 आवास बनेंगे

| ब्लॉक | लक्ष्य | ब्लॉक | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| सीयर | 680 | मनियर | 79 |
| बैरिया | 177 | मुरली छपरा | 132 |
| बांसडीह | 171 | नगरा | 246 |
| बेलहरी | 312 | नवानगर | 199 |
| बेरुआरबारी | 66 | पंदह | 122 |
| चिलकहर | 472 | रसड़ा | 550 |
| दुबहड़ | 408 | रेवती | 313 |
| गड़वार | 340 | सोहांव | 510 |
| हनुमानगंज | 430 | | |

जखनियां तहसील मुख्यालय पर जिलाधिकारी और सीडीओ ने सुनी पीड़ितों की शिकायतें

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 561 शिकायत प्रार्थना में मौके पर 38 का हुआ निस्तारण

- जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण कराने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियां में डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें 242 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 09 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सातों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 561 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 38 शिकायत/प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

इसी क्रम में तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 65 शिकायत/प्रार्थनो प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 40 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 34 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें ऑन द स्पॉट का निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में अपर जिलाधिकारी वि/रा की अध्यक्षता में 20 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 49 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर पांच का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 111 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त पांच का मौके पर निस्तारण किया गया।



जानकारी देती डीएम व मंचासीन अधिकारी गण



अपनी समस्याएं सुनाते फरियादी

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत व प्रार्थना पत्रों का संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलंब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाए। उन्होंने सावजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को आगामी तीन दिवस में शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इसमें लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जखनियां, क्षेत्राधिकारी जखनियां, तहसीलदार जखनिया एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### ठंड लगने से अज्ञात व्यक्ति की मौत



**गाजीपुर।** शहर कोतवाली के अंतर्गत एक अज्ञात व्यक्ति की ठंड लगने की वजह से हालत गंभीर होने पर पुलिस के सहयोग से समाजसेवी कुंवर वीरेंद्र सिंह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर को दिखाकर दवा, सुई कराने के बाद उसे वार्ड में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद उसके परिजनों का पता लगाया जा रहा था। लेकिन, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना कोतवाली पुलिस को सूचना देकर अज्ञात शव का हमने सदर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग से मेमो बनवाकर शव को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य चिकित्साधिकारी के लिखित आदेशानुसार पर मेडिकल कॉलेज गाजीपुर में पढ़ाई हेतु शव को कॉलेज के फ्रीजर में रखा गया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश कर रही थी। जिनकी शिनाख्त नहीं होने पर एवं 72 घण्टे होने के उपरांत शव का मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीरज कुमार से लिखा पढ़ी कराकर हेड कांस्टेबल सीसी चन्देल एवं कांस्टेबल उमेश यादव को सौंप दिया गया है।

### संविधान दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गई राष्ट्रीय प्रतीकों की झांकी

- झांकी मार्ग में छतों से पुष्प वर्षा कर रहे थे महिला-पुरुष

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

संविधान दिवस के अवसर पर सम्राट अशोक क्लब भारत जनपद शाखा जनपद एवं क्षेत्रीय सम्राट अशोक क्लब अलावलपुर, हुन्डरही, धरवा के सौजन्य से भारत वर्ष के राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान समारोह की झांकी शनिवार को कासिमाबाद तहसील मुख्यालय पर निकाली गई।

झांकी में शामिल लोग भारत वर्ष की जय, भारतीय संविधान की जय, राष्ट्रीय प्रतीकों की जय, गर्व से कहो हम भारतीय हैं, सत्यमेव जयते एवं देशभक्ति गीतों का संगायन करते हुए जोश खरोश के साथ चल रहे थे। झांकी से जिधर से गुजर रही थी, महिला-पुरुष छतों से पुष्प वर्षा कर रहे थे। गौतम बुध पब्लिक स्कूल कासिमाबाद के बच्चे पंक्ति में खड़ा होकर भारत वर्ष एवं राष्ट्रीय प्रतीकों का उद्घोष करते हुए पुष्प वर्षा किए। सभी को विद्यालय के प्रबंधक प्रभुनारायण कुशवाहा द्वारा राष्ट्रीय मिठाई जलेबी का वितरण किया गया। सम्राट अशोक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा कासिमाबाद बीआरसी परिसर में सर्वश्री विश्वनाथ, पतिराम, रामदत्त, रामजनम के नाम पर बने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पण किया गया। तत्पश्चात झांकी पुरानी बाजार होते हुए रसड़ा रोड पर पहुंची। जगह-जगह दुकानदारों और वहां पर उपस्थित लोगों ने झांकी पर पुष्प वर्षा किया। कासिमाबाद चौराहे पर मनोज गुप्ता ब्लॉक प्रमुख, ओमप्रकाश अकेला पूर्व ब्लॉक प्रमुख, विनय पत्रकार, सरफराज, राजेश गुप्ता, अनिल कुमार सिंह ने राष्ट्रीय प्रतीकों पर पुष्प अर्पण किया।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने से वंचित रहने वाले छात्रों को एक और मौका

**गाजीपुर।** शैक्षिक सत्र 2022-23 में पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत संशोधित समय सारिणी शासन द्वारा जारी की जा चुकी है। जिसमें छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने से वंचित रह गए छात्रों को पुनः अवसर प्रदान किया गया है। इन छात्रों को 10 दिसम्बर 2022 तक छात्रवृत्ति आवेदन पत्र आनलाइन भरे जाएंगें एवं विद्यालयों द्वारा इनके भरे गए आवेदन पत्रों को मिलान/परीक्षण करते हुए 19 दिसंबर 2022 तक पात्र छात्रों के आवेदन पत्र अग्रसारित किए जाएंगे एवं अपात्र आवेदन पत्रों को नियमानुसार रिजेक्ट किए जाएंगे। उन्होंने उक्त संबन्धित जनपद समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं एवं छात्रों को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2022-23 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत संशोधित समय के अनुसार पात्र छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाइन भरते हुए समस्त वांछित संलग्नकों सहित अपने सम्बन्धित विद्यालय पर जमा करना सुनिश्चित करें।

समाजवादी पार्टी की बैठक में सूबे के किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से हुई चर्चा

## यूपी के सभी जिलों में नगर निकाय चुनाव म अपना परचम लहराएगी सपा: जिलाध्यक्ष

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष रामधारी यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर आयोजित किया गया। जिसमें होने वाले नगर निकाय के चुनाव और किसानों की समस्यायों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यकताओं ने नगर निकाय के इस चुनाव में पार्टी को हर कीमत पर जिताने का लिया संकल्प। कार्यकताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह जनपद में सभी नगरपालिका परिषद और नगर पंचायतों में पार्टी लहराएगी अपना परचम। जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने कार्यकताओं से नगर निकाय की चुनाव की तैयारी में तन-मन से जुटने का आह्वान करते हुए कहा पार्टी का कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ता ही बनेगा प्रत्याशी।



कहा कि किसानों की समस्यायों के प्रति भाजपा गंभीर नहीं है। यह सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी है। सरकार का पूरा ध्यान पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में है। उन्होंने कहा कि यह सरकार विरोधी दलों के नेताओं के साथ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। जाति और धर्म के चश्मे से देखकर काम करती है, यह सरकार। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. नन्हकू यादव, अशोक कुमार बिंद, अहमर जमाल, अरुण कुमार श्रीवास्तव, तहसीन अहमद, बलिराम विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव, सदानंद यादव, गोवर्धन यादव, दिनेश यादव, अमित ठाकुर, रविन्द्र यादव, असलम खां, डॉ. समीर सिंह, अतीक अहमद राईनी व अन्य मौजूद रहें।

# गर्भावस्था के दौरान महिलाएं अपनी सेहत का रखें ख्याल : डॉ. सुमिता

- स्वास्थ्य विभाग के स्तर से गर्भवती महिलाओं को दी जाती है निःशुल्क सेवाएं
- प्रसव के बाद मां बच्चे की स्वास्थ्य देखभाल के लिए किया जाता है नियमित फॉलोअप

**केटी न्यूज/बलिया**



जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम व जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए सभी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क हैं। गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं एवं एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को घर से अस्पताल, अस्पताल से घर के अलावा उच्च अस्पतालों में रेफर करने जैसी सभी स्थितियों के लिए 102 एम्बुलेंस सेवा बिल्कुल निःशुल्क है। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमिता सिन्हा का।

डॉ. सिन्हा ने बताया कि प्रसव के लिए अस्पताल आई गर्भवती के लिए भर्ती रहने तक नाश्ता एवं दो समय के भोजन की व्यवस्था निःशुल्क है। योजना के तहत पंजीकृत गर्भवती को गर्भावस्था से लेकर प्रसव के दौरान या प्रसव के बाद में जरूरत पड़ने पर निःशुल्क ब्लड की व्यवस्था का प्रावधान है। गृह आधारित शिशु की देखभाल कार्यक्रम (एचबीएनसी) के तहत आशा कार्यकताओं की ओर से प्रसव उपरांत मां बच्चे की स्वास्थ्य देखभाल के लिए नियमित फॉलोअप किया जाता है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को सबसे ज्यादा देखभाल और सावधानी की जरूरत होती है। इस दौरान उनके खानपान और जिस तरह की जीवनशैली का पालन करती हैं, उसका सीधा असर उसकी गर्भावस्था और पेट में पल रहे शिशु पर पड़ता है।

डॉ. सिन्हा का कहना है कि हर गर्भवती को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता बहुत जरूरी है। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के अलावा अपने चिकित्सक से घर पर स्वच्छता के तौर-तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। गर्भावस्था में सबसे जरूरी बात है पोषण की होती है। गर्भवतियों को अधिक से अधिक पौष्टिक आहार खाना चाहिए। ताकि, उनके साथ साथ गर्भ में बल रहे शिशु भी पोषित हो सके। इसके लिए मौसमी फल, हरी सब्जी खासकर पत्तेदार, दूध, दही, गुड़ चना, दलिया व पोषाहार को अपने दैनिक भोजन में शामिल करें।

### हार्मोनल बदलाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है असर

डॉ. सिन्हा ने बताया कि यदि गर्भावस्था को लेकर किसी भी तरह की चिंता में है, तो फोन पर अपने क्षेत्र की आशा, एएनएम या स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकती हैं। हार्मोनल बदलावों के कारण गर्भवती के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे में उनमें तनाव, डिप्रेशन, चिंता, गुस्सा, घबराहट, एकाग्रता की कमी आदि आम समस्याएं बन जाती हैं। इसलिए इस दौरान उन्हें अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है। गर्भवती महिलाएं इस समय में पर्याप्त पोषण लें और आहार में तरल पदार्थों की मात्रा बढ़ाएं। दिन में दो घंटा व रात में सात से आठ घंटे की नींद लें। खाली समय में किताब पढ़ें या संगीत सुनें।

### वाराणसी जोन की 23वीं अंतर जनपदीय क्रिकेट पुलिस प्रतियोगिता शुरू

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नेहरू स्टेडियम में 23वीं अंतर जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गाजीपुर पुलिस के तरफ से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईजी वाराणसी जोन के सत्य नारायण मौजूद रहे। आईजी के सत्य नारायण ने कहा कि आज चार दिवसीय अंतर जनपदीय जोनल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गाजीपुर की मेजबानी में किया जा रहा है। यह सभी 10 टीमें वाराणसी जोन और वाराणसी कमिश्नरेट की पुलिस की टीम है। इसमें से जो टीमें जीतेंगी, वह निश्चित तौर से स्टेट लेवल में प्रतिभाग करेंगी। साथ ही, उन्होंने क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ फीता काट कर किया। वहीं, मैच का उद्घाटन में सर्वप्रथम उन्होंने बैटिंग की, जबकि बॉलिंग एसपी ओमवीर सिंह ने की। उन्होंने जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल टीम आजमगढ़, वाराणसी, मऊ, बलिया, चंदौली, सोनभद्र, जौनपुर, मिजार्पुर, भदोही और मेजबान टीम गाजीपुर को शुभकामनाएं दी और टूनामेंट की आधिकारिक रूप से घोषणा की। इस दौरान गाजीपुर पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह, एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी, एसपी ग्रामीण अभिषेक भारती और सीओ सिटी गौरव कुमार मौजूद रहे।

## तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप, जनजीवन बेहाल, बलिया कोर्ट के सामने जनता ने घंटों लगाया जाम

# बिजली कर्मियों के आंदोलन के खिलाफ सड़क पर उतरी जनता





**केटी न्यूज/बलिया**

राज्यव्यापी आंदोलन के कारण तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प है। जसिसे जनजीवन बेहाल हो गया है। पानी के लिये परेशान शहर के नागरिकों का धैर्य शनिवार को जवाब दे गया आक्रोशित लोगों ने बिजली आपूर्ति बहाल करने को लेकर सिविल कोर्ट के बाहर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान ओवरब्रिज से लगायत सड़क की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सुबह 11 बजे से शुरू हुए चक्का जाम शाम लगभग साढ़े चार बजे जब जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया कि शाम को बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी। तब जाकर लोग किसी प्रकार शांत हुए और आवागमन बहाल हुआ।





आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अपनी मांगों के समर्थन में बिजली विभाग के कर्मचारी बीते पांच दिनों से सिविल लाइन में धरना शुरू किए थे, इसबीच बीते गुरुवार की सुबह से कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति वाधित कर दी। लोगों को लगा कि दो चार घंटे में बिजली आ जाएगी लेकिन विजली नहीं आई, शुक्रवार को भी लोगों को उम्मीद थी कि जिला प्रशासन के हस्ताक्षेप के बाद बिजली आपूर्ति बहाल से जाएगी। लेकिन हाथ में एक बार फिर निराशा लगी। शुक्रवार की शाम से ही लोग अंदर ही अंदर सुबक रहे थे, शनिवार की सुबह होते ही लोग सड़क पर उतर आए इसके बाद सिविल कोर्ट के बाहर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान जाम करीब सुबह 11 बजे शुरू हुआ, शाम चार बजे तक चला, बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर जाम किसी प्रकार समाप्त हुआ।

## वरिष्ठ अधिवक्ता के नेतृत्व में निकाला जुलूस

बलिया। बिजली विभाग के मनमाने रवैया के खिलाफ वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जुलूस निकाला। बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन व सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी। इस दौरान अधिवक्ता मनोज राय हंस ने कहा कि अपनी मांग मनवाने के लिए आम जनता को परेशान करना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है।
बिजली विभाग के जितने भी कर्मचारी है सबको सस्पेंड किया जाए। ये कर्मचारी अपनी ड्यूटी कभी ईमानदारी से नहीं करते हैं, अपनी मांग मनवानी थी तो सांकेतिक कटौती करते. चक्का जाम करते। इस तरह बिजली काटकर बिजली विभाग, के कर्मचारी देशद्रोही का काम किया है।

## जनता का गुस्सा देख भाग खड़े हुए आंदोलनकारी

**बलिया।** सिविल लाइन में आंदोलनरत कर्मचारी जनता के उग्र रूप को देखते हुए शुक्रवार की शाम धरनसभा से भाग खड़े हुए। इस दौरान उग्र जनता ने वहां भी जमकर तोड़फोड़ किया। इसके साथ ही नारेबाजी की। इस दौरान जनता जनार्दन का गुस्सा देखते ही बन रहा था।

## बिजली आपूर्ति बहाल के लिए जिद्द पर अड़ा रहा अधिवक्ता समाज

**बलिया।** विद्युत निगम के कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी हड़ताल के विगत पांच दिनों से जारी रहने से हर तरफ अंधकार और पेय जल संकट गहरा गया है। हड़ताल के चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जिसे देखते अधिवक्ता समाज शनिवार को पूर्वाहन दिवानी न्यायालय गेट के सामने सड़क जाम कर धरने पर बैठ गये। बिजली बहाली की मांग कर लगे जिसके चलते सड़क के दोनों ओर लम्बा जाम लगाने की सूचना पर जिला प्रशासन की ओर से सदर एसडीएम प्रशान्तनायक धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंचकर जाम समाप्त करने का प्रयास किया और धरनारत अधिवक्ताओं को जब शीघ्र बिजली बहाली का मौखिक आश्वासन दिया। ₹लेकिन लिखित आश्वासन की मांग पर अधिवक्तागण पुनः अड़े रहे। प्रशासन के काफी प्रयास के बाद जाम समाप्त कराया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर में पूरी तरह अंधेरा छाने के साथ हर वार्ड में पेयजल संकट से जूझ रहे उपभोक्ता बिजली बहाली के लिए सड़कों पर जगह जगह उतर गये। गत रात से ही जिला धिकारी सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस बल के साथ नगर में भ्रमण कर बिजली के फाल्ट की तलाश में प्रत्येक विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंचे। सिविल लाइन विद्युत उपकेन्द्र पर शनिवार अपराह्न दो बजे लाइनमैन को पकड़ कर पहुंचकर उक्त उपकेन्द्र से सम्बद्ध सभी मोहल्लों का फीडर दस-दस मिनट के अन्तर पर चालू कराया। परन्तु कई मोहल्लों में अचानक लोग बढ़ने से लाइन डिप हो गया। मौके पर शहर कोतवाल प्रवीण सिंह, पूर्व कोतवाल शशिमली पाण्डेय सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## 38 घंटे तक कई इलाकों में बत्ती गुल

**वाराणसी।** बिजली कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले यूपी में बिजली अभियंताओं और कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार पांचवें दिन शनिवार को भी जारी रहा। कर्मचारियों की हड़ताल से पूर्वांचल के कई जिलों में स्थिति बिगड़ रही है। बिजली गुल होने के बाद काफी मशक्कत के बाद ही बन पा रही है। कहीं 12 घंटे तो कहीं 38 घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

## कहां गए नगर पालिका के पांच जनरेटर : संजय

- नगर में पानी के लिए मचे हाहाकार के बीच पूर्व चेयरमैन ने उठाए सवाल
- जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की जांच की मांग

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर में बिजली कटौती के दौरान जलापूर्ति को लेकर मचे हाहाकार के बीच नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने नगर पालिका बलिया को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान तत्कालीन सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री नारद राय के प्रवास से पांच जनरेटर नगर पालिका बलिया को उपलब्ध कराया गया था। जो बिजली कटौती के दौरान नगर में जल आपूर्ति बहाल रखने का काम करते थे। आज तीन दिन की बिजली कटौती के दौरान वे जनरेटर कहां है, पता नहीं चला। शहर की जनता पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही थी, उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है इस पूरे मामले की जांच कराए कि जनरेटर आखिर गए तो कहां गए।



लाइन बॉक्स दिखाते अधिवक्ता

पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय ने कहा कि जो पांच जनरेटर नगर पालिका बलिया को मिले थे, उसमें दो 15-15 केबीए के छोटे जनरेटर थे, जिनको ट्राली पर स्थापित करके पंपिंग सेट में जोड़ दिया गया था, जो बरसात के समय जल जमाव होता था तो जल निकासी का कार्य करते थे। शेष तीन जनरेटर 50 से 75 केवीए के बड़े जनरेटर थे, एक जनरेटर से दो बड़े ट्यूबेल चलाकर जलापूर्ति बहाल करने का काम किया जाता था। जिसमें जगदीशपुर में एक जनरेटर लगाया गया था, यह जनरेटर जदोगशपुर और बिशुनीपुर धर्मशाला मोड़ के ट्यूबेलों को जोड़कर एक साथ चलाया जाता था। इसी तरह दूसरा बड़ा जनरेटर नारायणी सिनेमा हॉल के बगल में लगाया गया था, जिससे नारायणी के बगल वाला ट्यूबेल एवं भृगु मंदिर के पीछे का ट्यूबेल एक साथ जोड़कर जलापूर्ति की जाती थी। तीसरा जनरेटर पुरानी तहसील के सामने सिविल लाइन में लगाया गया था, जिससे सिविल लाइन इलाके में जलापूर्ति के लिए ट्यूबेल चलाया जाता था। श्री उपाध्याय ने कहा कि नजदीग के वर्षों तक यह जनरेटर अस्तित्व में थे और बिजली संकट गहराने पर नगर को जलापूर्ति बाधित नहीं होती थी।

## पावर आफिसर एसोसिएशन ने कहा कि जबरन ताला बंदी गलत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर आफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि कुछ जिलों में जबरदस्ती कार्यालय बंद कराए जा रहे हैं, जो पूर्णतया गलत है। उन्होंने कहा कि जिसे काम नहीं करना है न करें, लेकिन व्यवधान उत्पन्न न करे। एसोसिएशन ने निर्देश जारी किए हैं कि वह अपने जिलों में उपभोक्ताओं से फीडबैक भी लेते रहें कि उन्हें कोई समस्या तो नहीं है और ब्रेकडाउन जैसी समस्या का समय रहते निदान कराएं। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एसपी सिंह, पीएम प्रभाकर, महासचिव अनिल कुमार, सचिव आरपी केन ने अपने सदस्यों से कहा है कि विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में अपना योगदान दें।

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से वार्ता के बाद बिजली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

- देररात लिखित समझौता पत्र पर संघर्ष समिति के अधिकारियों ने किया हस्ताक्षर

**एजेंसी/प्रयागराज**

बिजली कर्मियों के कार्य बहिष्कार पर हाईकोर्ट इलाहाबाद द्वारा अपर मुख्य सचिव ऊर्जा को तलब किए जाने के बाद पांचवे दिन आंदोलन समाप्त कराने की पहल तेज हुई। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के साथ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की वार्ता में कई मुद्दों पर सहमति बनी। इसके बाद कार्य बहिष्कार स्थगित किए जाने का फैसला लिया गया। वार्ता के बाद ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मीडिया को अवगत कराया कि संघर्ष समिति ने कार्य बहिष्कार स्थगित करने पर सहमति दे दी है।

हाईकोर्ट के आदेश पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता अपराह्न तीन बजे तक हाईकोर्ट इलाबाद पहुंचे। इस मामले में जनहित याचिका की सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष हाजिर हुए। जहां पर उन्होंने कोर्ट को हड़ताल वापस होने की जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव ने कोर्ट को बताया गया कि ऊर्जा मंत्री ने हड़ताली कर्मचारियों के संगठन से बातचीत की है। बातचीत सकारात्मक रही। इसमें बिजली कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। खंडपीठ में मामले में अगली सुनवाई छह दिसंबर को होगी।

इस पर खंडपीठ ने कहा एक महीने पहले ही 29 नवंबर से हड़ताल की चेतावनी दी गई थी। इससे साफ है कि शासन के पास हल निकालने के लिए एक महीने का समय था। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया।

दूसरी बात यह कि हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? इसका भी कोई उल्लेख नहीं है। जब कोर्ट ने संज्ञान लिया तो सिर्फ प्रयागराज में विद्युत आपूर्ति बहाल हुई बाकी लेकिन यह नहीं पता कि हड़ताल वापस हुई या नहीं। दूसरी तरफ मंत्री से वार्ता के दौरान जिन मुद्दों पर सहमति बनी थी उन मुद्दों पर लिखित समझौता पत्र पर रात 9:20 बजे संघर्ष समिति के पदाधिकारी हस्ताक्षर करने में लगे थे।

## आंदोलनरत बिजली कर्मचारियों पर सख्ती, वेतन कटौती के आदेश

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं के कार्य बहिष्कार से उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए विद्युत वितरण निगमों ने अब कड़ी कार्रवाई शुरू की है। पूर्वांचल, मध्यांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के साथ-साथ और केस्को ने आंदोलन में शामिल कर्मचारियों व अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए निष्कासन के साथ ही सैकड़ों अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम ने आंदोलनरत 25 संविदाकर्मियों को निष्कासित किया और तीन मुख्य अभियंता, 21 अधीक्षण अभियंता सहित 43 अधिशासी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने भी दो अधीक्षण अभियंता और 16 अधिशासी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए। निगम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 1067 अधिकारियों और कर्मचारियों को चिह्नित करते हुए काम नहीं, तो वेतन नहीं के सिद्धांत पर वेतन रोकने का आदेश निर्गत किया।

**सहारनपुर के दो अवर अभियंता निलंबित:** पश्चिमांचल ने भी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड, प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ का वेतन काटने का आदेश जारी किया। वहीं, सहारनपुर के दो अवर अभियंताओं दीपक कुमार और राज कुमार को निलंबित कर दिया। इतना ही नहीं निगम ने मुख्यालय स्तर से 10 संगठनों के पदाधिकारियों को कार्य बहिष्कार आंदोलन बंद करने और काम नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर नोटिस जारी किए।

## गाजीपुर में पांचवें दिन भी विद्युत कर्मियों का जारी रहा कार्य बहिष्कार

- विभाग को हुआ सात करोड़ का घाटा

**केटी नयूज/गाजीपुर**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में दिन शनिवार को पांचवे दिन भी विद्युत कर्मियों का धरना जारी रहा। वहीं सह संयोजक मिथिलेश यादव ने बताया कि विद्युत कर्मियों का पंद्रह सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देशन पर ऊर्जा मंत्री ने ऊर्जा प्रबंधन एवम विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष के प्रतिनिधियों संग बैठक जारी है खबर लिखे जाने तक वार्ता चलती रही। आगे उन्होंने यह भी बताया कि ऊर्जा चेयरमैन एम देवराज को तत्कल हटाकर उसके संपत्ति की जांच कराई जाय ताकि विद्युत कर्मियों में बना भय समाप्त हो



धरने पर बैठे कर्मचारी

और स्वच्छ वातावरण में अपने कार्य को संपादित कर सके। वही जिला मंत्री विजयशंकर राय ने सरकार से मांग करते हुवे बताया कि हमारे संविदा/निविदा कर्मियों को पंजाब, तेलगाना, उड़ीसा,दिल्ली के तर्ज पर विभाग में समायोजित करके नियमित किया जाय,आज के दौर में यही निविदा कर्मी अपने जान को जोखिम में डालकर आम जनता के सेवा के लिए दिन रात मेहनत करते है और इन लोगो को श्रम विभाग के द्वारा न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जाती है इन लोगो के पैसे का बंदरबाट ऊर्जा चेयरमैन एवं ठेकेदार मिलकर कर रहे है खुलेआम दलाली ऊर्जा प्रबंधन ठेकेदारों से मिलकर कर रहा है और हमारे मुखमंत्री इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। हम माननीय मुख्यमंत्री से मांग करते है की उत्तर प्रदेश में आबादी को देखते हुवे सभी संविदा/निविदा,मीटर रीडरो को विभाग में नियमित करने के लिए तत्काल कदम उठाए।

वहीं, सभी निविदा एवं मीटर रीडर कर्मियों को साल भर से बकाया ईपीएफ बिलिंग एजेंसी स्टर्लिंग कंपनी एवम भारत इंटरप्राइजेज द्वारा तत्काल भुगतान किया जाय। यही सब मांगों को लेकर कर्मचारियों एवम अधिकारियों में रोष व्याप्त है।जिससे यही सब मांगों को लेकर धरना विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में चल रहा है। धरने में मुख्य रूप से अधिशाषी अभियंता संजय सिंह, मनीष कुमार, हेमंत सिंह, आशीष चौहान, चंद्रपाल सिंह सहायक अभियंता शेखर सिंह, मिठाई लाल, सुधीर कुमार, विजय यादव, कमलेश कुमार, अवर अभियंता पंकज चौहान, हर्षित राय, रमेश मौर्य, चित्रसेन प्रसाद, विनोद राम, शैलेंद्र ओझा, शशिकांत पटेल, महबूब अली, इंद्रजीत पटेल विद्युत मजदूर पंचायत के जिला मंत्री विजयशंकर राय, भानु सिंह, विनय तिवारी, अश्वनी सिंह, प्रवीण सिंह, प्रवीण पाण्डेय, गोविंद कुशवाहा, शशिकांत मौर्य, ज्योतिकांत कुशवाहा, राजेश सिंह, जीवन वर्मा, अनीश अहमद, शशिकांत भारती, शिवशंकर, जवाहिर पटवा, बरूण राय, राकेश चौबे, इबरार अहमद, नईम अहमद सहित सैकड़ों विद्युत कर्मी, संविदा/निविदा कर्मी मौजूद रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ई. संतोष चौधरी एवं संचालन ई. मिथिलेश यादव ने किया।